न्यायालय सहायक कलेक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी कपासन
जिला चित्तौडगढ
पीठासीन अधिकारी राजेश सुवालका (आर0ए0एस0)

प्रकरण संख्या/113/2022 वाद

दायर दिनांक 15.09.2022

उनवान

1. प्रेमदेवी पत्नि जमनालाल जाति जाट आयु वयस्क निवासी उचनारखुर्द तहसील कपासन जिला चित्तौड़गढ़।
2. भेरा पुत्र गणेश जाति जाट आयु वयस्क निवासी उचनारखुर्द तहसील कपासन जिला चित्तौड़गढ़।
3. मोहन पुत्र चतरभुज जाति जाट आयु वयस्क निवासी उचनारखुर्द तहसील कपासन जिला चित्तौड़गढ़।
4. शंकरलाल दत्तक पुत्र जयचन्द जाति जाट आयु वयस्क निवासी उचनारखुर्द तहसील कपासन जिला चित्तौड़गढ़।
5. हरलाल पुत्र गोपी जाति जाट आयु वयस्क निवासी उचनारखुर्द तहसील कपासन जिला चित्तौड़गढ़।

1. गोदु पुत्र चुन्नीलाल जाति जाट आयु वयस्क निवासी उचनारखुर्द तहसील कपासन जिला चित्तौड़गढ़।
2. चुनीलाल पुत्र गमेर जाति जाट आयु वयस्क निवासी उचनारखुर्द तहसील कपासन फौत के बजाय–
   2/1– कालु पिता चुनीलाल जाति जाट आयु वयस्क निवासी उचनारखुर्द तहसील कपासन जिला चित्तौड़गढ़।
   2/2– भैरी पुत्री चुनीलाल जाति जाट आयु वयस्क निवासी उचनारखुर्द तहसील कपासन जिला चित्तौड़गढ़।
   2/3– उदी पुत्री चुनीलाल जाति जाट आयु वयस्क निवासी उचनारखुर्द तहसील कपासन जिला चित्तौड़गढ़।
3. प्रकाश पुत्र माधु जाति जाट आयु वयस्क निवासी उचनारखुर्द तहसील कपासन जिला चित्तौड़गढ़।
4. बाली पुत्री माधु जाति जाट आयु वयस्क निवासी उचनारखुर्द तहसील कपासन जिला चित्तौड़गढ़।
5. भगवान दत्तक पुत्र किशना जाति जाट आयु वयस्क निवासी उचनारखुर्द तहसील कपासन जिला चित्तौड़गढ़।
6. भगवानी पत्नि माधु जाति जाट आयु वयस्क निवासी उचनारखुर्द तहसील कपासन जिला चित्तौड़गढ़।
7. मिठू पुत्र चुनी लाल जाति जाट आयु वयस्क निवासी उचनारखुर्द तहसील कपासन जिला चित्तौड़गढ़।
8. रतन लाल पुत्र उदेराम जाति जाट आयु वयस्क निवासी उचनारखुर्द तहसील कपासन जिला चित्तौड़गढ़।
9. माधुलाल पुत्र अमरचन्द जाति जाट आयु वयस्क निवासी उचनारखुर्द तहसील कपासन जिला चित्तौड़गढ़।
10. रामेश्वरलाल पुत्र अमरचन्द जाति जाट आयु वयस्क निवासी उचनारखुर्द तहसील कपासन जिला चित्तौड़गढ़।
11. तहसीलदार, तहसील कपासन जिला चित्तौड़गढ़।

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, कपासन • जिला-चित्तौड़गढ़

उपस्थितिः– अधिवक्ता श्री किशनलाल जाट —वादीगण
एकतरफा —प्रतिवादी सं0 1 से 9

—: वाद पत्र अन्तर्गत 53 आर.टी.एक्ट :—

निर्णय दिनांकः 08.05.2025

—:निर्णयः—

संक्षिप्त में विवरण इस प्रकार है कि वादीगण ने वाद पत्र अन्तर्गत धारा 53 राजस्थान टिनेन्सी एक्ट 1955 के प्रस्तुत कर निम्न निवेदन किया कि मौजा उचनारखुर्द पटवार हल्का उचनारखुर्द तहसील कपासन के हल्के बैरूनी में वादीगण एवं प्रतिवादीगण के संयुक्त खातेदारी की

सहायक कलेक्टर
(उपखण्ड अधिकारी)
कपासन, जिला चित्तौड़गढ़

आराजीयात स्थित है जिसके आराजी नम्बर 115 रकबा 0.49 हैक्ट0, आराजी नम्बर 120 रकबा 0.27 हैक्ट0, आराजी नम्बर 121 रकबा 0.59 हैक्ट0, आराजी नम्बर 122 रकबा 0.85 हैक्ट0, कुल किता 4 कुल रकबा 2.22 हैक्ट0 स्थित है। जो राजस्व रेकार्ड की जमाबन्दी में वादीगण तथा प्रतिवादीगण की संयुक्त खातेदारी से दर्ज रेकार्ड है।

यह कि पक्षकारान का विवादित आराजीयात पर संयुक्त कब्जा होकर संयुक्त काश्त करते है तथा उपज का हिस्सा भी करना पडता है इसलिये पक्षकारान के बिच विवाद बना रहता है वादीगण विवादित आराजीयात को लागत लगाकर विकसित करना चाहते है लेकिन प्रतिवादीगण इसके लिये तैयार नहीं होते है इसलिए वादीगण विवादित आराजीयात का समुचित उपयोग नही कर सकते है। इसलिये वादीगण विवादित आराजीयात का विभाजन/बंटवाडा करवाना चाहते है लेकिन वादीगण को प्रतिवादीगण समुचित जवाब नहीं देते है तथा इस साल भी दिनांक 30.08.2022 को आखिरकार विभाजन/बंटवाडा करने से मना कर दिया इसलिये विवादित आराजीयात का विभाजन/बंटवाडा कराया जाना आवश्यक हो गया है। यह कि वादकारण दिनांक 30.08.2022 को पैदा होकर निरन्तर जारी है।

यह कि खातेदारी चुनी लाल पिता गगेर जाट की मृत्यु हो चुकी है तथा उनके वारिस प्रतिवादी संख्या 2/1, 2/2, 2/3 है सो उन्हे प्रतिवादी बनाया गया है।

अन्त में वादीगण ने प्रार्थना की कि–

– पक्षवादीगण विरूद्ध प्रतिवादीगण के विभाजन/बंटवाडा की डिक्री इस अमर की जारी फरमाई जावें कि वादपत्र की कॉलम संख्या 1 में वर्णित आराजी नम्बर 115 रकबा 0.49 हैक्ट0, आराजी नम्बर 120 रकबा 0.27 हैक्ट0, आराजी नम्बर 121 रकबा 0.59 हैक्ट0, आराजी नम्बर 122 रकबा 0.85 हैक्ट0, कुल किता 4 कुल रकबा 2.22 हैक्ट0 का विभाजन कराया जाकर वादीगण का उक्त चालु जमाबन्दी में प्रत्येक के नाम उनका हिस्सा की अलग अलग खातेदारी में अंकन कराया जाकर अलग अलग जमाबन्दी बनाई जावे तथा प्रत्येक प्रतिवादीगण को जो हिस्सा विभाजन में प्राप्त होता है उनको अलग अलग कब्जा दिलाने की कृपा करावे।

–अन्य दाद मुफिद वादीगण के हो प्रतिवादीगण से दिलाई जावें।

हमने वाद पत्र दर्ज रजिस्टर कर प्रतिवादीगण को जरिये सम्मन तलब किया। प्रतिवादी संख्या 1 से 9 बावजूद सूचना के हाजिर नहीं होने से आज दिनांक 06.02.2024 को एकतरफा कार्यवाही अमल में लायी गयी। साक्ष्यवादी में वादी शंकरलाल दत्तक पुत्र जयचन्द जाति जाट निवासी उचनारखुर्द का शपथ पत्र प्रस्तुत हुआ। शपथग्रहिता वादी ने वाद पत्र के समर्थन एवं पुष्टि में जमाबन्दी की प्रमाणित फोटोप्रति प्रस्तुत की है, जो प्रदर्श–1 है।

उक्त वाद पत्र में दिनांक 06.02.2024 को प्राथमिक रूप से स्वीकार किया जाकर प्राथमिक डिक्री जारी की गई। जिस पर तहसीलदार कपासन द्वारा बटवाडा रिपोर्ट दिनांक 30.04.2025 से प्रस्तुत की गई। जो शा0फा0 की गयी। बहस वादीगण अधिवक्ता सुनी गई। वादीगण अधिवक्ता द्वारा आदेशिका पर तहसीलदार कपासन से प्राप्त बटवाडा रिपोर्ट अनुसार अंतिम डिक्री किये जाने का निवेदन कर हस्ताक्षर किये गये। अतः वादीगण अधिवक्ता के निवेदन को स्वीकार किया जाकर आज दिनांक 08.05.2025 को वाद पत्र स्वीकार किया जाकर अन्तिम रूप से डिक्री इस आशय की दी जाती है की मौजा उचनारखुर्द पटवार हल्का उचनारखुर्द तहसील कपासन के हल्के बैरूनी के आराजी नम्बर 115 रकबा 0.49 हैक्ट0, आराजी नम्बर 120 रकबा 0.27 हैक्ट0, आराजी नम्बर 121 रकबा 0.59 हैक्ट0, आराजी नम्बर 122 रकबा 0.85 हैक्ट0, कुल किता 4 कुल रकबा 2.20 हैक्ट0 स्थित है, में तहसीलदार कपासन से प्राप्त बटवाडा रिपोर्ट दिनांक 30.04.2025 के अनुसार निम्नानुसार बटवाडा किया जाता है–

1. प्रेमदेवी पत्नी जमनालाल हिस्सा पूर्ण जाति जाट सा0 देह खातेदार

क.स.	आ0स0	रकबा (है0)	किस्म
1	121/2	0.28	प.1
योग	कुल किता–01	0.28	

सहायक कलेक्टर
(उपखण्ड अधिकारी)
कपासन जिला-चित्तौडगढ

2. चुनीलाल पुत्र गमेर हिस्सा 2740/19200 जाति जाट सा0 देह खातेदार, भगवान दत्तक पुत्र किशना हिस्सा 2740/19200 जाति जाट सा0 देह खातेदार, माधु पुत्र अमरचन्द हिस्सा 2740/19200 जाति जाट सा0 देह खातेदार, रामेश्वर पुत्र अमरचन्द हिस्सा 2740/19200 जाति जाट सा0 देह खातेदार, प्रकाश पुत्र माधु हिस्सा 814/19200 जाति जाट सा0 देह खातेदार, वाली पुत्री माधु हिस्सा 203/19200 जाति जाट सा0 देह खातेदार, भगवानी पत्नि माधु हिस्सा 203/19200 जाति जाट सा0 देह खातेदार, भेरा पुत्र गणेश हिस्सा 611/19200 जाति जाट सा0 देह खातेदार रहन हिस्सा 611/19200 पूर्ण खाता रतनाकर बैंक लि0 शाखा चित्तौड़गढ़, मोहन पुत्र चतरभुज हिस्सा 611/19200 जाति जाट सा0 देह खातेदार, हरलाल पुत्र गोपी हिस्सा 611/19200 जाति जाट सा0 देह खातेदार, गोदु पुत्र चुन्नीलाल हिस्सा 916/19200 जाति जाट सा0 देह खातेदार रहन हिस्सा 916/19200 पूर्ण खाता बडौदा राजस्थान क्षैत्रीय ग्रामीण बैंक शाखा हथियाना, मिठू पुत्र चुनी लाल हिस्सा 916/19200 जाति जाट सा0 देह खातेदार , रतन लाल पुत्र उदेराम हिस्सा 1832/19200 जाति जाट सा0 देह खातेदार, शंकरलाल दत्तक पुत्र जयचन्द हिस्सा 1523/19200 जाति जाट सा0 देह खातेदार रहन हिस्सा 1523/19200 पूर्ण खाता आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड शाखा भादसोडा

क.स.	आ0स0	रकबा (है0)	किस्म
1	115	0.49	प.1
2	120	0.27	प.1
3	121/1	0.31	प.1
4	122	0.85	प.1
योग	कुल किता–04	1.92	

तदनुसार अंकन हो। रहन बदस्तुर रहे। खर्चा पक्षकारान अपना–अपना वहन करेगें, अंतिम पर्चा डिक्री जारी हो व पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। निर्णय मेरे द्वारा आज दिनांक 08.05.2025 को लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(राजेश सुवालका)
सहायक कलेक्टर व
उपखण्ड अधिकारी, कपासन

सहायक कलेक्टर
(उपखण्ड अधिकारी)
कपासन जिला-चित्तौड़गढ़